समस्या

**कारीवाह ओवरब्रिज पर निकली 'लोहे की तलवार, डामर गायब, सिर्फ हादसे बाकी!**

# एनएच-30 पर बिछा मौत का जाल



**सड़क के सीने से निकली नुकीली गार्डर टायर फटे तो सीधे मौत से सामना**

**नवभारत, सिहोरा।** अगर आप नेशनल हाईवे-30 से गुजर रहे हैं, तो सावधान हो जाइए! जबलपुर-सिहोरा के बीच कारीवाह ओवरब्रिज अब सफर का रास्ता नहीं, बल्कि हादसों का गलियारा बन चुका है। एनएचएआई (हृ.प्रद्व) की लापरवाही का आलम यह है कि ब्रिज के बीचों-बीच निकली नुकीली गार्डर राहगीरों का 'काल' बनकर खड़ी है।

ब्रिज पर बाबा बृजेश साहब के पास की स्थिति सबसे भयावह है। यहाँ सड़क के बीचों-बीच लोहे की एक मोटी और नुकीली गार्डर बाहर निकल आई है। तेज रफ्तार में आते वाहनों के लिए यह किसी 'लोहे की तलवार' जैसी है। यदि किसी गाड़ी का टायर इससे टकराता है, तो वाहन के पलटने और जानलेवा हादसे की 100% आशंका है। खासकर दोपहिया सवारों के लिए यह अदृश्य खतरा सीधे मौत को न्योता दे रहा है।

**पेंचवर्क का ढोंग : कहीं लेप लगा दिया, तो कहीं गड्ढे खुले छोड़ दिए**

विभाग ने हाल ही में यहाँ पेंचवर्क के नाम पर जो 'लीपापोती' की है, उसने समस्या को और बढ़ा दिया है। 'कहीं रोड़ा, कहीं पत्थर' वाली स्थिति है। सड़क पर कहीं डामर की नई परत चढ़ा दी गई है, तो उसके ठीक बाद गहरा गड्ढा छोड़ दिया गया है। इस 'अन-ईवन' रोड के कारण भारी वाहनों के सस्पेंशन फेल हो रहे हैं और लोडेड ट्रकों के पलटने का खतरा पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है।

**जनता की मांग : जल्द हो दुरुस्तीकरण नहीं तो होगा चक्काजाम**

सिहोरा के जागरूक नागरिकों और राहगीरों ने हृ.प्रद्व के उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। लोगों की स्पष्ट चेतावनी है कि इस नुकीली गार्डर को काटकर तुरंत दुरुस्त किया जाए और पूरे ब्रिज का नए सिरे से डामरीकरण हो। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो नागरिक सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

**एनएचएआई की चुप्पी : क्या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहे जिम्मेदार**

हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से जिम्मेदार अधिकारियों का भी गुजरना होता है, लेकिन किसी की नजर इस 'मौत की गार्डर' पर नहीं पड़ी। क्षेत्रीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि टोल तो पूरा वसूला जा रहा है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर शून्य है। सवाल यह है कि आखिर इस लापरवाही की बलि कौन चढ़ेगा।

**उधड़ गई डामर की परत, खतरनाक टर्न पर अनियंत्रित हो रहे वाहन**

ब्रिज की इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस दोनों ही सवालों के घेरे में हैं। डामर की परत पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे कंक्रीट का ढांचा बाहर आ गया है। इस ब्रिज पर मौजूद खतरनाक घुमावदार मोड़ और ऊबड़-खाबड़ रास्ता वाहन चालकों के हाथ-पांव फुला देता है। रोजाना यहाँ से हजारों की संख्या में गुजरने वाले भारी वाहन और बसें हर पल अनियंत्रित होने की कगार पर रहते हैं।

# गांव गांव संचालित हो रहे झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक

- ग्रामीणों की जान दांव पर कलेक्टर से ध्यान देने की मांग सांठ-गांठ का आरोप

**नवभारत, सिहोरा।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली लगभग 60 ग्राम पंचायत के गांवो में इस समय झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक बेधडक संचालित हो रहे हैं नियम कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए यह झोलाछाप डॉक्टर मरीजो का इलाज कर रहे हैं और मनमाना पैसा वसूल रहे हैं बिना डिग्री डिप्लोमा व मेडिकल शिक्षा प्रशिक्षण के बगैर उनके द्वारा गांव-गांव गली गली धडल्ले से शानदार क्लिनिक बनाकर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है आपको बता दें की जहां एक और पूर्व में मध्य प्रदेश शासन के द्वारा झोलाछा डॉक्टर के ऊपर कड़ी कार्यवाही का निर्देश जिला प्रशासन व पुलिस विभाग को दिया गया था परंतु निर्देश के परिपालन में कार्यवाही शून्यवत रही जवावदारो की अनदेखी व सांठ गांठ के चलते गोसलपुर कछपुरा हिरदेनगर जुझारी देवनगर गांधीग्राम झांसी खजुरी धरमपुरा बरनू तिराहा पौंडी गांव मे निजी फायदा कमाने के चक्कर मे गली गली ग्लो साईन बोर्ड लगाकर ये अलग अलग पद्धति से इलाज कर रहे है ।

मरीज को चैक कर इंजेक्शन के साथ स्वयं के दवाखाने से दवाईयों का भी कारोबार करते है इस संबंध में अनेकों बार प्रबुद्धजनों द्वारा व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा प्रशासन को झूलाछाप डाक्टरो के ऊपर कार्यवाही की मांग की गई परंतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से गांव-गांव मे अंगद की तरह पैर जमाये इन झोलाछाप डाक्टरों को सूचीबद्ध तक नही किया गया जिससे इनके क्लीनिक फल फूल रहे हैं इनके द्वारा प्रतिबंधित दवाइयां भी दी जाती हैं बिना जांच पड़ताल के इंजेक्शन व बाटल लगाना बेवजह अनेक प्रकार की दवाइयां का थैला थमा दिया जाता है और बदले में मरीज से मोटी रकम वसूल की जाती है डाक्टर बिना डिग्री के नाक कना गला दांत बबासीर भगंदर कमर दर्द लकवा टीवी दमा मिर्गी डायबिटीज नेत्र रोग के अपने आपको विशेषज्ञ बताते है ग्रामीण मजबूरी में स्वास्थ्य चिकित्सा पाने के लिए इन झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में आमजन फंस जाता है अनेकों बार इन छोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के कारण लोगों की जान भी जा चुकी है इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग बेपरवाह बना हुआ है लोगों ने इस संबंध में जिला प्रशासन के मुखिया से कार्यवाही की मांग की है

**इनका कहना है**

गत वर्ष आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव गांव क्लीनिक चला रहे झोलाछाप चिकित्सको को नोटिस जारी कर उनकी डिग्रियां मंगाई गई। थी अभी मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई फिर भी मैं जांच करवा कर उचित कार्यवाही करूंगी

**डॉ.अर्शिया खान**
**मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी**
**सिहोरा**





## पनागर में 9 से 16 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**नवभारत, पनागर।** नगर के बिन्नी बाई जैन कन्या शाला स्कूल परिसर में 9 मार्च से 16 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित होगी।

इस पावन आयोजन में महामंडलेश्वर श्री रामेश्वर दास जी महाराज (जम्मू वाले) का पावन सानिध्य प्राप्त होगा, जबकि कथा का वाचन परम श्रद्धेय डॉ. सत्यनारायण दास जी महाराज (जम्मू वाले) द्वारा किया जाएगा। समस्त वैष्णो देवी यात्रा समिति पनागर ने नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने परिवार, मित्रों और इष्टजनों के साथ कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ एवं पुण्य लाभ अर्जित करें। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति भाव से जुड़ने का एक विशेष अवसर होगा।

# भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**नवभारत, सिहोरा।** शुक्रवार को भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के अंतर्गत आज सिहोरा में विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

**आंदोलन की मुख्य मांगें**

संगठन के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को ज्ञापन सौंपते हुए निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं जिनमें जाति आधारित जनगणना: पिछड़ा वर्ग की जातिगत जनगणना तत्काल कराई जाए। समानता का अधिकार: यूजीसी बिल में ओबीसी ), एससी और एसटी वर्ग को पूर्ण समानता प्रदान की जाए।

**शिक्षकों की नियुक्ति:** वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए और उन्हें स्थायी नियुक्ति प्रदान की जाए।

**प्रमुख उपस्थिति**

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से डॉ. विनोद पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा / बामसेफ), बृजलाल पटेल (अध्यक्ष, भारत मुक्ति मोर्चा), रामराज पटेल नरेन्द्र पटेल (जिला अध्यक्ष), सूरज पटेल, सुखदेव पटेल, जुगल पटेल , रति भूमिया, पूरन पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर उचित विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को आगामी चरणों में और अधिक उग्र किया जाएगा।



## आवास गुणवत्ता के साथ समय सीमा में बने : कलेक्टर

- राजस्व अधिकारियों के लिये बन रहे आवासों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को बरगी हिल्स में राजस्व अधिकारियों के लिये बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारियों से कहा कि आवास गुणवत्ता के साथ समय सीमा में बनना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने के लिये 4 सदस्यीय दल का गठन करें, जो 15-15 दिन के अंतर में गुणवत्ता की जांच करेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह, संयुक्त कलेक्टर रिषभ जैन, कार्यपालन यंत्री हाऊसिंग बोर्ड सुनील उपाध्याय मौजूद थे।

# गांधीग्राम : रेडियो सिंगर सुनील दाहिया की सुरीली तानों से सजा होली मिलन समारोह



**नवभारत, सिहोरा।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित साईं मंदिर परिसर में धुरेड़ी के पावन अवसर पर फाग और होली भजनों का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गायक, जिन्हें क्षेत्र में 'रेडियो सिंगर' के नाम से जाना जाता है, सुनील दाहिया (मास्टर) और उनके साथी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

**भजनों और फागों की रही धूम**

दोपहर से शुरू होकर शाम तक चले इस रंगारंग कार्यक्रम में सुनील दाहिया ने पारंपरिक देशी वाद्ययंत्रों की थाप पर होली के सारगर्भित भजनों और फागों का गायन किया। उनकी विशेष लय और धुन ने उपस्थित जनसमूह और संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गांधीग्राम सहित आसपास के गांवों के सहयोगी गायक और मंडल के कलाकार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**गणमान्य जनों की उपस्थिति**

इस फाग महोत्सव में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रमुख रूप से बालकृष्ण चौरसिया, अभिषेक चौरसिया, विवेक चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया, ओमप्रकाश चौरसिया, गौरव असाटी, भूपेंद्र चौरसिया, अन्नू आचार्य, मुंजी विश्वकर्मा, तुलसीराम चौरसिया, राम भगत चौरसिया, मोहनलाल असाटी, रामकिशोर चौरसिया, सुनील चौरसिया, भारत ठाकुर, योगेंद्र मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, राकेश असाटी और रामधनी चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**पूजा-अर्चना से हुई शुरुआत**

कार्यक्रम का शुभारंभ साईं मंदिर के संस्थापक मोहनलाल चौरसिया द्वारा साईं बाबा की प्रतिमा एवं शिवलिंग के विधि-विधान से पूजन के साथ किया गया। संगीत पक्ष को मजबूती देने के लिए क्षेत्र के दिग्गज वादकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिनमें ढोलक चिरंजी लाल मास्टर एवं मनोज सेन, वाद्ययंत्र साज झल्लू चौरसिया, लक्ष्मी सोनी, मनोज विश्वकर्मा, खंजनिया व तबला आचार्य आशीष असाटी रहे।



## महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत होने पर कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि कर इसे 58 प्रतिशत करने के निर्णय का मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्वागत किया है। होली के अवसर पर लिए गए इस निर्णय पर संघ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए उन्हें कर्मचारी हितैषी बताया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव और प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव सहित अशोक शर्मा ने भी इस फैसले को कर्मचारियों के लिए राहतभरा कदम बताया। जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय के नेतृत्व में संघ के जिला पदाधिकारियों देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, योगेन्द्र मिश्रा, वीरेन्द्र चंदेल, एस.पी. बाथरे, राम शंकर शुक्ला, सतीश उपाध्याय, विनय नामदेव, राकेश उपाध्याय, राजा राम डेहरिया, अर्जुन सोमवंशी और सुशील गुप्ता ने भी शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।



## सुभाषचंद्र जैन का निधन

**जबलपुर।** अधिवक्ता सुभाष चंद्र जैन का शुक्रवार 6 मार्च को निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज शनिवार 7 मार्च को दोपहर 12:30 बजे निवास स्थान मदन महल चौक स्टेशन रोड से रानीताल मुक्तिधाम जाएगी।

## रेलवे अधिकारियों पर दस हजार का जुर्माना

- तीस दिन में अनुकंपा नियुक्ति देने के निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पश्चिम मध्य रेलवे को निर्देशित किया है कि वह तीस दिन के भीतर राजगढ़ निवासी जितेन्द्र वर्मा (मृतक का पोता) को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करें। जस्टिस विवेक रूसिया एवं जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने रेलवे अधिकारियों ही हठधर्मिता पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। न्यायालय ने कहा है कि इस मामले में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी उपलब्ध है। स्पष्ट है कि स्वर्गीय छमा बाई की अनुकंपा नियुक्ति और सेवानिवृत्ति के बकाया का दावा करने वाला कोई और नहीं है। रेलवे पिछले दस वर्षों से इस मामले में अनावश्यक रूप से देरी कर रहे हैं। जिस कारण अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाता है यदि सही निर्णय समय पर नहीं लिए जाते हैं। दरअसल राजगढ़ निवासी जितेन्द्र वर्मा ने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण में याचिका दायर कर उसकी दादी की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति की मांग की थी। याचिकाकर्ता के दादा का निधन 18 अगस्त 2002 को हुआ, उसके बाद उनके पिता का भी निधन 12 अगस्त 2006 को हो गया। पालन-पोषण दादी ने किया, जो पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल डिवीजन में हेल्पर-खालसी के पद पर कार्यरत थीं। दादी का निधन 19 जून 2016 को हो गया। कैट ने 3 दिसंबर 2024 को रेलवे को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति देने पर विचार करें। रेलवे ने अनुकंपा नियुक्ति देने से इनकार करते हुए कैट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उक्त आदेश के साथ रेलवे की याचिका निरस्त कर दी।

## प्रदेश में आखिर क्यों नहीं लागू हुआ एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट

- डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम ने उठाया सवाल, भेजा पत्र

**नवभारत, जबलपुर।** मप्र प्रदेश के सवा लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सवालों की झड़ी लगने लगी है। डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम के सचिव अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता ने इस संबंध में सवाल उठाया है कि प्रदेश में आखिर अब तक एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट क्यों नहीं लागू हुआ। क्या इसे स्टेट बार की असफलता के रूप में न आंका जाए। इसके साथ ही हाई पावर्ड कमेटी के चेयरमैन व चुनाव अधिकारियों को पत्र लिखकर मप्र के वकीलों के हित में प्रविधान किए जाने पर बल दिया है। अधिवक्ता श्री गुप्ता ने चिंता जताते हुए कहा है कि राज्य में अधिवक्ताओं पर आक्रमण होते रहे, उनके मर्डर होते रहे इसके बावजूद स्टेट बार के सदस्य एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लाने में विफल रहे। जिस पर उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए। इसी तरह न्यायपालिका को याचिकाओं के माध्यम से बार-बार परिषद की कार्य प्रणाली पर हस्तक्षेप करना पड़ा। यह भी विचारणीय बिंदु है। पत्र में कहा गया है कि अधिवक्ता अधिनियम के अंतर्गत वही व्यक्ति अधिवक्ता के रूप में कार्य कर सकता है, जो कोई अन्य व्यवसाय और नौकरी न करता हो। इसके बावजूद हजारों फर्जी वकीलों का बोझ बढ़ गया है, जिससे वास्तविक वकील और न्याय प्रणाली बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसी तरह स्टेट बार ने विगत 10-15 वर्षों में ऐसा कोई प्रयास नहीं किया की अधिवक्ताओं की सीनियरिटी के बेस पर उनके बैठने के लिए उचित चैंबर और हाल की व्यवस्था की जाए। बल्कि कई बार याचिकाओं के माध्यम से अनाधीकृत रूप से प्रदान किए गए। चैंबर के विषय में लड़ाई अधिवक्ताओं द्वारा लड़ी गई। अधिवक्ता गुप्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले जिसके अनुसार 25 में से सात सदस्य महिला चुनी जानी है संबंध में चयन प्रक्रिया और चुनाव प्रक्रिया का कोई स्पष्टीकरण अभी तक हाई पावर कमेटी द्वारा जारी नहीं किया गया है, जिससे अधिवक्ताओं को किस तरह वोट डालना है और वोट डालने में सात महिलाएं भी चुनी जानी हैं। इस संबंध में कोई भी स्पष्ट आदेश अभी तक प्रदेश की अधिवक्ताओं को नहीं दिए गए हैं। अत: किस तरह से महिलाओं के प्रतिनिधित्व को स्टेट बार में लाया जाएगा, इस पर संदेह है।

## लाइनमैन दिवस पर सम्मानित होंगे विद्युत लाईन कर्मी

- वरिष्ठ कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण एवं अनुभव किए जाएंगे साझा

**नवभारत, सिहोरा।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सिहोरा द्वारा समस्त फ्रंटलाइन टीम (विद्युत लाइन कर्मियों) को सम्मानित किए जाने के लिए लाइनमैन दिवस कार्यक्रम मनाने जा रहा है इस कार्यक्रम हेतु केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विद्युत मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार संचरण/संधारण संभाग सिहोरा में शनिवार को लाइनमैन दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 10:00 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें माननीय प्रबंधक संचालक पूर्व क्षेत्र का संदेश वचन लाइनमैन एवं उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कार्यपालन/ सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों का अभिभाषण उत्कृष्ट कार्य करने वाले नियमित/ संविदा/ आउटसोर्स लाइनमैन कर्मियों एवं प्रशिक्षण सहायकों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत एवं स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत सुरक्षा संबंधी वर्कशॉप/ प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यपालन/सहायक अभियंता द्वारा दिया जाएगा साथ ही वरिष्ठ लाइन कर्मियों के द्वारा फील्ड का अनुभव भी साझा किया जाएगा।यह कार्यक्रम नगर के गणमान्य नागरिकों एवं विभाग के पूर्व कर्मियों की गरिमामय उपस्थिति होगी।